वित्त मंत्रालय

डीआरआई ने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्री से 40 करोड़ रुपये मूल्य की 4 किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की; एक गिरफ्तार

प्रविष्टि तिथि: 19 JUL 2025 10:45AM by PIB Delhi

राजस्व असूचना निदेशालय (डीआरआई) बेंगलुरु की क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए 18.07.2025 की सुबह बेंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दोहा से पहुंचे एक भारतीय पुरुष यात्री को रोका।

उसके सामान की सावधानीपूर्वक जाँच करने पर पता चला कि उसके पास दो सुपरहीरो कॉमिक्स/पत्रिकाएँ थी जो असामान्य रूप से भारी थी। अधिकारियों ने सावधानीपूर्वक पत्रिकाओं के कवर में छिपाए गए सफेद पाउडर को बरामद किया।



पाउडर में कोकीन होने की पुष्टि हुई। बरामद कोकीन का वजन 4,006 ग्राम (4 किलोग्राम से अधिक) है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसका मूल्य लगभग 40 करोड़ रुपये है। इसे एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया।

इसके बाद यात्री को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया और 18.07.2025 को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

***

एमजी/केसी/पीपी/आर

(रिलीज़ आईडी: 2146010) आगंतुक पटल : 33इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Assamese , Bengali-TR , Punjabi , Gujarati , Tamil , Telugu , Kannada , Malayalam